an>

Title: Need to relax the norms pertaining to opium production on account of recent unseasonal rains in Chittorgarh Parliamentary Constituency, Rajasthan and Mandsaur in Madhya Pradesh.

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) : किसानों को इस समय असमय हुई भारी बारिश और आंधी के कारण गेहूं, जौ, सरसों, चना, धनिया, जीरा, ईसबगोल, मसूर, मटर की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। इसी संदर्भ में मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र चित्तौड़गढ़ और मंदसौर (राजस्थान और मध्य प्रदेश) के उन अफीम किसानों की तरफ आकृष्ट करना चाहता हूं जिनके ऊपर इस समय दोहरी मार पड़ रही है क्योंकि इस समय अफीम के किसान डोडा में चीरा लगा चुके हैं, ऐसे में उन किसानों को आर्थिक क्षति के साथ ही उनके लाइसेंस निरस्त होने की स्थिति में आ गए हैं क्योंकि सरकार अब उनकी फसलों को नष्ट करने की अनुमति भी नहीं देगी और किसानों को पूरा औसत के साथ अफीम का उत्पादन देना पड़ेगा जो संभव नहीं है।

अतः मेरा माननीय वित्त मंत्री जी से आग्रह है कि अफीम किसानों को मुआवजा राशि के साथ ही साथ अफीम किसानों को औसत में भी छूट प्रदान करने की कृपा करें और संबंधित विभाग से फसलों को हुए नुकसान का आंकलन करने हेतु शीघ्र कदम उठाने हेतु निर्देशित करने की कृपा की जाए।